

# फिर बाधित हुआ कोतवाली-जयस्तंभ चौक मार्ग

## महीने भर पहले ही पड़ी थी सीवर लाइन, अब चेंबर के लिए दोबारा खोदा गया

नवभारत न्यूज

**सतना 23 फरवरी. सीवर लाइन से संबंधित निर्माण कार्य ने पिछले लगभग 5 वर्ष से नगरवासियों का जीना दूभर कर दिया है. निर्माण एजेंसियों की मनमानी कार्यशैली और नगर निगम के जिम्मेदारों के बेपरवाह रवैऐ स्थिति को और भी अधिक बद्तद्दर बना देने में कोई कसर नहीं रख छोड़ी है.**

जिसके चलते बिना किसी निगरानी के जहां तहां खुदाई कर सीवर लाइन डाल दी जा रही है. इतना ही नहीं बल्कि सीवार लाइन डालकर कांपैक्शन करने के बाद दोबारा उन्हीं स्थानों को खोदकर चेंबर बनाने का कार्य शुरु हो जाता है.





कोतवाली तिराहे से जयस्तंभ चौक की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग एक बार फिर से बाधित हो चुका है. जिसके पीछे की मुख्य वजह सीवर लाइन से संबंधित निर्माण कार्य को बताया जा रहा है. निर्माण एजेंसी से संबद्ध संविदाकार द्वारा कोतवाली तिराहे से जयस्तंभ चौक ओर जाने वाले मार्ग पर लगभग 15 फीट गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं. जिनके जरिए सीवर लाइन का चेंबर लगाए जाने की जानकारी निर्माण कर्मियों द्वारा दी गई. इस खुदाई की वजह से न सिर्फ उक्त मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया बल्कि वहां पर मौजूद दुकानदारों की मुसीबत कई गुना अधिक बढ़ गई. गहरे गड्ढे के साथ साथ आस पास पसरे मलबे के चलते आलम यह हो गया कि लोगों के किसी तरह पैदल निकल जाने तक की गुंजाइश नहीं बची. इतना ही नहीं बल्कि दिन की भीड़ भाड़ भरी व्यस्तता की वजह से उक्त क्षेत्र में गंभीर दुर्घटना की आशंका भी प्रबल होती नजर आने लगी है. ननि की कार्यशैली से आक्रोशित आस पास के दुकानदारों का कहना है कि होली जैसे प्रमुख त्योहार की ग्राहकी से ठीक पहले गहरा गड्ढा खोदकर मलबा उनकी दुकानों के सामने भर दिया गया. जिससे उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित होने लगा है.

### महीने भर में दूसरी बार खुदाई

क्षेत्र के दुकानदारों का कहना है कि कुछ दिन पहले ही उक्त मार्ग को खोदकर सीवर लाइन डालने का कार्य किया गया था. जिसके बाद कांपैक्शन कर उसे ढंक दिया गया. लेकिन कांपैक्शन कार्य की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ दिनों बाद ही पाइप लाइन फूटने से वहां बाढ़ जैसे हालात नजर आने लगे थे. टूटा फूटा ही सही लेकिन मार्ग बहाल होने से धीरे धीरे उनका कारोबार पटरी पर लौटने लगा था. लेकिन ठीक त्योहार से पहले एक बार फिर से खुदाई कर पूरी व्यवस्था को ही चौपट कर दिया गया.



# बादलों की गड़गड़ाहट के साथ हुई बूंदाबांदी

नवभारत न्यूज

**सतना 23 फरवरी. पिछले कुछ दिनों से चटख धूप खिलने और तापमान चढ़ने के जारी क्रम के बीच सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली. शहर में जहां बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी देखने को मिली. वहीं जिले के कुछ हिस्से में मध्यम बारिश भी हुई.**

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जो कि पिछले दिन की तुलना में भले ही 1.9 डिग्री कम आंका गया. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 0.2 डिग्री अधिक पाया गया. इसी कड़ी में रात का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. न्यूनतम तापमान में पिछले 24 घंटे में जहां 1.5 डिग्री का इजाफा पाया गया. वहीं सामान्य की तुलना में यह 3.7 डिग्री सेल्सियस अधिक आंका गया. लेकिन सोमवार की सुबह से ही आसमान में मंडरा रहे बादल दोपहर होते-होते गहराने लगे. इसी दौरान गरज से के साथ बूंदाबांदी शुरु हो गई. बूंदाबांदी का क्रम कुछ देर तक रुक रुक जारी रहा. जिसके कुछ देर बाद मौसम सामान्य होता नजर आने लगा. यह बात और है कि हुई बूंदाबांदी के चलते शहर की सड़कें भीग गईं. लेकिन यह बूदें मौसम कार्यालय के मापन यंत्र में दर्ज नहीं हो सकीं. जबकि जिले के रामपुर बघेलान और उचेहरा क्षेत्र में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ मध्यम बारिश दर्ज की गई.

### मौसम कार्यालय ने माना यह बारिश पूरे जिले में

मौसम कार्यालय के अनुसार अलग अलग स्थानों पर बूंदाबांदी की घटना मंगलवार को भी कुछ स्थानों पर देखने को मिल सकती है. लेकिन उसके बाद मौसम साफ हो जाएगा. वहीं सोमवार को बदले मौसम के तेवर को देखते हुए तिल्ली और मसूर की खेती करने वाले किसानों को चिंता सताने लगी.

# नशे की हालत में फूंक दी 2 मोटर साइकिलें

## विद्युत सब स्टेशन प्रेम नगर में देर रात हुई घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 23 फरवरी. एसटीसी आऊटसोर्स कर्मचारी ने नशे की हालत में प्रेम लगर विद्युत सब स्टेशन में खड़ी विद्युत कर्मियों की 2 मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया. घटना होती देख विद्युत कर्मियों ने आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया. लेकिन तब तक दोनों मोटरसाइकिलें पूरी तरह जल चुकी थीं.**

एसई कार्यालय प्रेम नगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार-सोमवार की दरमियानी रात प्रेम नगर स्थित विद्युत सब स्टेशन में आधा दर्जन कर्मचारी तैनात थे. इन कर्मचारियों के साथ एसटीसी आऊटसोर्स कर्मी आकाश खरे भी मौजूद था. रात के दौरान सभी कर्मचारी चाय पीने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे. लेकिन जब सभी वहां से लौटने लगे तो आकाश ने लौटने से मना कर दिया. जिसे देखते हुए एसटीसी के लाइनमैन राकेश को इस बात की सूचना दे दी गई कि आकाश नशे की हालत में रेलवे



स्टेशन के निकट बैठा हुआ है और वह चल फिर पाने में असमर्थ है.

जब सभी विद्युत कर्मी वापस सब स्टेशन लौट आए तो उन्हें नशे में धुत्त आकाश को रेलवे स्टेशन से वापस लाने के निर्देश दिए गए. लिहाजा एक बार फिर से विद्युत कर्मी रेलवे स्टेशन पहुंचकर आकाश को खोजने लगे. नहीं मिलने पर सभी वापस लौट आए.

### कोतवाली पहुंची शिकायत

लेकिन जैसे ही विद्युत कर्मी वापस सब स्टेशन पहुंचे तो देखा कि एसई कार्यालय के सामने खड़ी उनकी बाइक में आग लग चुकी है. इसी दौरान आकाश खरे ट्रांसफार्मर के पास से आता नजर आया. हलांकि आग को नियंत्रित करने का काफी प्रयास किया गया. लेकिन इसके बावजूद भी सुभाष कनौजिया और मनीष दाहिया की मोटरसाकिलें पूरी तरह जल गईं. जिसे देखते हुए विद्युत कर्मियों द्वारा मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है.

# मैहर में चार्ज अधिकारियों को जनगणना का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर 23 फरवरी. जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में किया गया।**

इस प्रशिक्षण में जिले के चार्ज अधिकारियों को जनगणना संबंधी कार्यों की जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर



श्रीमती रानी बाटड ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसके आधार पर शासन की विभिन्न नीतियां एवं विकास योजनायें तैयार की जाती हैं। सभी अधिकारी इस दायित्व को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गणना कार्य के दौरान प्रत्येक परिवार तक पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा आंकड़ों की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### सूचना का अधिकार अधिनियम पर दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**सतना 23 फरवरी.** जिला मुख्यालय स्थित ई-दक्ष केन्द्र सतना में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा अकादमी भोपाल द्वारा संचालित तथा भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। इनमें प्रशिक्षण के दो बैच निर्धारित किए गए हैं। जिसमें प्रथम बैच 24 फरवरी से 25 फरवरी तक एवं द्वितीय बैच 26 फरवरी से 27 फरवरी तक प्रतिदिन प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक रहेगा।

# आय को लेकर महापौर ने ली राजस्व शाखा की बैठक

## मार्च में होने वाली लोक अदालत को लेकर चर्चा

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 फरवरी. महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम की आय को सुदृढ़ बनाने एवं विकास कार्यों को और गति देने के उद्देश्य से संपत्ति कर राजस्व संकलन की समीक्षा बैठक आयोजित की ।**

बैठक में वर्तमान राजस्व स्थिति पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसे और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आगामी 14



मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक कर राजस्व संकलन सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को सरल व बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा करदाताओं को लाभ मिले और हमारे शहर के विकास कार्यों में जनसहभागिता और मजबूत हो।

इस अवसर पर राजस्व अधिकारी यूसुफ खान , धीरज मिश्रा (पी.आर.ओ.) एवं संपत्ति कर विभाग की संपूर्ण टीम उपस्थित रही। नगर के समग्र एवं सतत विकास हेतु आप सभी नागरिकों से विनम्र अपील है कि समय पर कर जमा कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

▸ चार वर्ष पुरानी घटना पर पाक्सो एक्ट न्यायालय ने सुनाया दण्डादेश

नवभारत न्यूज

**सतना 23 फरवरी. जिले के उचेहरा क्षेत्र में 4 वर्ष पुरानी चिंहित, जघन्य एवं सनसनीखेज घटना के मामले में विशेष न्यायाधीश सदाशिव दॉगोड़ द्वितीय अपर सत्र न्यायालय उचेहरा द्वारा आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 6 हजार रु के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई.**

इस मामले में राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट विनोद प्रताप सिंह ने किया.

अभियोजन प्रवक्ता संदीप कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी अभिषेक ताम्रकार पिता रमेश उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 5 उचेहरा को धारा 376 342 आईपीसी के अंतर्गत दोषी पाते हुए न्यायालय द्वारा उक्त दण्डादेश पारित किया गया. इसी कड़ी में घटना के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 13 फरवरी 2022 की शाम उचेहरा निवासी और कक्षा 9 में अध्ययनरत एक लड़की अपने घर से बिस्किट लेने के लिए दुकान पर गई थी. जहां पर वापस घर लौटने के दौरान जैसे ही वह अभिषेक ताम्रकार के किराए के गोदाम के सामने पहुंची वैसे ही आरोपी उसका हाथ पकड़ अंदर खींच ले गया. गोदाम के अंदर ले जाकर आरोपी ने बालिका के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. जिसके बाद आरोपी गोदाम का ताला बंद कर वहां से चला गया. वहीं कुछ देर बाद बालिका की मां उसे खोजते हुए गोदाम के पास पहुंची. मां की आवाज सुनकर बालिका गोदाम की छत पर चढ़ गई और वहां चिल्लाने लगी.

### पुलिस ने खुलवाया गोदाम

बेटी को गोदाम के अंदर बंद देख बदहवासी की हालत में मां ने फौरन पुलिस को सूचना दे दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने गोदाम का दरवाजा खुलवाकर बालिका को बाहर निकाला. जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया. सुनवाई के दौरान अभियोजन द्वारा 23 साक्षी प्रस्तुत किए गए. न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों से सहमति जताते हुए उक्त दण्डादेश पारित किया गया.

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक

**सतना 23 फरवरी.** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सोमवार को सम्पन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर-कान्फ्रेंस के बिन्दुओं में जिले की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, जल संसाधन, जिला शिक्षा केन्द्र, राजस्व के प्रकरणों में सतना जिले की स्थिति प्रदेश स्तर पर बाटम 20 के जिलों में नहीं रहनी चाहिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, सुमेश द्विवेदी, जीतेन्द्र वर्मा, सुभाष मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी, सीईओ जनपद, सीएमओ नगर पंचायत भी उपस्थित थे।

## एक नजर में




### नि :शुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन

**सतना।** लीनेस क्लब विंध्य के तत्वावधान में अध्यक्ष ली.सुषमा गुप्ता द्वारा नि :शुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाज सेवा की भावना से आयोजित किया गया लगभग 70 बच्चों का दंत परीक्षण किया गया। शिविर में दंत विशेषज्ञ डॉ कमलेंद्र सिंह द्वारा बच्चों के दांतों की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। क्लब की सचिव श्रीमती ली. काजल श्रीवास्तव ने बताया कि क्लब समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक कार्य करता रहता है। शोभा अरतानी के साथ स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।



### नाम ध्वनि और सत्संग का लाभ लिया

**सतना।** बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास जिला संगत के प्रवक्ता उमेश चन्द्र श्रीवास्तव अमृत ने बताया कि वक्त के सन्त सद्गुरु उज्जैन आश्रम वाले बाबा उमाकांत महाराज के आदेश का पालन करते हुए जिला कार्यालय उतैली में फिर से साप्ताहिक सत्संग चालू किया गया जिसमें मुख्य रूप से आज सत्संगी विश्वनाथ सोनी एवं श्रीमती सुलेखा सोनी के विवाह को 25 वर्ष पुर्ण हुए उन्होंने अपने नाते-रिश्तेदार को सत्संग में ही आमंत्रित कर लिया सभी ने नाम ध्वनि का एवं सत्संग का लाभ लिया। कार्यक्रम का संचालन उमेश चंद्र श्रीवास्तव अमृत ने किया वक्त का सन्देश चन्द्र जीत सिंह परिहार ने सुनाया ।

### किसान कांग्रेस की बैठक में घेराव की रणनीति पर विचार

**सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेंटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आव्हान पर भोपाल में होने जा रही किसान महाचौपल एवं विधान सभा घेराव को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक सर्किट हाउस में जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में सभी पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए संतोष पाण्डेय ने बताया की आगामी 24 फरवरी 2026 को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भोपाल पहुंच कर भारत - अमेरिका कृषि ट्रेड डील के विरोध में एवं किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध व किसानों के हितों की रक्षा का नेतृत्व कर उनकी आवाज बुलंद करेंगे.



# फसल हानि आंकलन के लिए ऐप का उपयोग अनिवार्य

नवभारत न्यूज

**सतना 23 फरवरी. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल हानि आकलन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं।**

भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अब व्यक्तिगत खेत/भूमि स्तर पर फसल क्षति आकलन के लिए फसल हानि आकलन ऐप (ब्स।च) का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया है कि कुछ बीमा कंपनियों द्वारा अभी भी भौतिक रूप से क्षति आकलन किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे पारदर्शिता में कमी और गलत रिपोर्टिंग की स्थिति बन रही है। इसे रोकने के लिए संचालन दिशा-निर्देश 2023 के तहत स्थानीय स्तर पर संयुक्त क्षति आकलन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# श्रीमद् भागवत कथा में मिले सम्मान से दिव्यांगों के छलक पड़े आंसू

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 फरवरी. भरहुत नगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में चित्रकूट के शरणागत आश्रम के पं डॉ मनमोहन दास महाराज की मुखारविंद से सूरदास की कथा ने सबको भाव बिफोर कर दिया ,वहीं आयोजकों की ओर से मिले सम्मान के चलते दिव्यांगों की आंखों से आंसू छलक पड़े।**

मधुरिमा परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ भरहुत नगर में हो रहा है। सात दिवसीय इस ज्ञान यज्ञ के कथा व्यास चित्रकूट धाम के



शरणागत आश्रम के पं डॉ मनमोहन दास महाराज है। इस कथा के यजमान डॉ अमित वर्मा और डॉ स्वप्ना वर्मा और कथा श्रोता श्रीमती मधुरिमा सिंह, श्रीमती गीता देवी और कमलेश चंद्र वर्मा ने श्रीमद् भागवत और कथा व्यास की आरती की। श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सूरदास की कथा में कथा व्यास पं मनमोहन दास महाराज ने कृष्ण भक्ति का बखान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन भी उपस्थित रहे। कथा यजमान डॉ स्वप्ना वर्मा ने इन सभी दिव्यांगों को भोजन कराया। उसके बाद उनका स्वागत कर उपहार भी दिए।

आयोजक की ओर से मिले सम्मान के चलते दिव्यांगों की आंखों में आंसू छलक उठे। डॉ वर्मा ने दिव्यांग महिलाओं को गले लगाया और उन्हें भरोसा दिलाया कि जब भी उन्हें किसी तरह की जरूरत होगी, वह उनकी हर संभव मदद करने की कोशिश करेगी। दिव्यांग जनों से उन्होंने कहा कि यह तो प्रभु की कृपा है जिसके चलते उनका सम्मान कर पा रही है।

# संभागायुक्त व परियोजनाओं के अभियंताओं के साथ रीवा में सांसद ने की बैठक

## जमीन वापस कर पूरा करें टीएचपी अनुबंध,बांणसागर विस्थापितों को मिले मालिकाना हक

नवभारत न्यूज

**सतना, 23 फरवरी. सोववार को सतना सांसद गणेश सिंह रीवा में संभागायुक्त बीएस जामोद व टीएचपी -बांणसागर परियोजनाओं के अभियंताओं के साथ बैठक की और टमस जल विद्युत परियोजना तथा बाणसागर परियोजना से प्रभावित किसानों के लंबित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।**

### शासन स्तर पर जाएगी बात,जल्द होगा निराकरण

सांसद व परियोजनाओं के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद आयुक्त श्री जामोद ने सभी बिंदुओं पर ध्यानपूर्वक सुनवाई की और आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को शासन स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा प्राथमिकता है और जल्द ही निर्णायक कदम उठाए जाएंगे। आयुक्त ने सतना कलेक्टर और एसडीएम रामपुर से टोंस जल विद्युत परियोजना पर बात की तो वहीं मैहर कलेक्टर रानी बॉटड से बांणसागर परियोजना को लेकर जानकारी तलब की है।



इस बैठक में किसानों की जमीन लौटाने, मुआवजे और पुनर्वास से जु? महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ, जिसके बाद आयुक्त ने इन मुद्दों को शासन स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। सांसद श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को न्याय मिल सके। सांसद के साथ बैठक रीवा कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई थी, जिसमें कलेक्टर मैहर, वर्चुअल माध्यम से कलेक्टर सतना, एसडीएम रामनगर, एसडीएम रामपुर बाघेलान आरएन खरे , टोंस हाइडल प्रोजेक्ट के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर, बाणसागर परियोजना के अधिकारी साथ ही टमस जल विद्युत परियोजना और बाणसागर के प्रभावित किसान भी उपस्थित रहे। सभी पक्षों ने अपने-अपने मसलों में आ रही समस्याओं को रखा और समस्याओं के समाधान पर सहमति जताई।

### अनुबंध का पालन न होने से किसानों में असंतोष

सभायुक्त के सामने सांसद गणेश सिंह ने कहा कि सतना जिले के कोटर और रामपुर तहसीलों की सीमा पर टमस नदी में निर्मित टमस जल विद्युत परियोजना के डैम की ऊंचाई पहले से कम की गई थी, जिसके बाद एक अनुबंध हुआ था। हालांकि, इस अनुबंध का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों में गहरा असंतोष है।